**जेजेपी के सभी उम्मीदवारों की होगी जमानत जब्त : सज्जन सिंह**

उचाना (नरेंद्र जेठी) मार्किट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता सज्जन सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी जेजेपी के सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त करवाने का काम मतदाता करेंगे। प्रदेश, उचाना में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन चुका है। उचाना हलके से कांग्रेस रिकॉर्ड मतों से विजयी होगी। निरंतर हलके में सक्रियता बढ़ा रहे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह को लोगों का जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है। भाजपा, जेजेपी सहित अन्य दल छोड़ कर कांग्रेस में आज लोग आ रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### बॉक्सर अनमोल स्कूल एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए अबू धाबी रवाना



**सोनीपत।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में 27 अगस्त से 10 सितंबर तक आयोजित जूनियर व स्कूल एशियन बॉक्सिंग में भाग लेने के लिए लिटल एंजल्स स्कूल व एकेडमी के बॉक्सर अनमोल दहिया आज रवाना हो चुके हैं। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि 64 किलोभार वर्ग में अनमोल दहिया ने मार्च माह में आयोजित सब जूनियर हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व ग्रेटर नोएडा में आयोजित सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था, जिसके आधार पर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अनमोल दहिया का चयन 64 किलोभार वर्ग में स्कूल एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बॉक्सर अनमोल दहिया को स्कूल एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### सीवर के गंदे पानी से परेशान कालोनीवासियों ने मौके पर भाजपा नेता को बुलाया



**सोनीपत।** काठमंडी स्थित भरतपुरी कालोनीवासी पिछले एक माह से सीवर के गंदे पानी से परेशान थे। बार-बार शिकायत के बावजूद नगर निगम अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंगी। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने मौके पर पंहुचकर निगम अधिकारियों को बुलाया और समस्या के समाधान के तुरंत निर्देश दिए। वास्तव में कॉलोनी की सीवर लाइन की निकासी रोहतक रोड की बड़ी सीवर लाइन में है और रोहतक रोड पर सड़क के निर्माण के समय ढक्न सड़क के निचे दब गए। जिस कारण सीवरों की सफाई नहीं हो पाई और समस्या गंभीर रूप धारण कर गई। राजीव जैन ने सड़क के नीचे दबे ढक्नों को खुलवाया और रात को सुपर सकर मशीने से मेन लाइन की सफाई करने को कहा। राजीव जैन ने निगम अधिकारियों को सीवर लाइन का पानी टैंकरों से निकालने के निर्देश भी दिए, ताकि कालोनी वासियों को तुरंत राहत मिल सके। भाजपा नेता ने आश्वासन दिया कि दो दिन में समस्या का पूरी तरह समाधान हो जायेगा। राजीव जैन जटवाड़ा बस्ती में गौशाला के पास भी मेन रोड पर बरसात का पानी खड़ा होने की शिकायत मिलते ही मौके पर पंहुचे और निगम अधिकारियों से फोन पर पानी निकासी के लिए छोड़े गए मेनहॉल का कनेक्शन बड़ी लाइन में करवाने के निर्देश दिए। निगम अधिकारियों ने कहा कि दो दिन में कनेक्शन करवा दिए जायेंगे और बरसात के पानी से राहत मिल जाएगी। इस अवसर पर राजू केबल वाले, अरविन्द मित्तल, सतपाल, महेंद्र, सुयश, हरिओम सिंगला, मुकेश गोयल, पवन वशिष्ट, सुनीता जिंदल, बीरमति, लीला, कमेलश, मंजू, वीणा, इंद्रावती आदि कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

# मधुबन-टोल टैक्स के बीच फायरिंग, पीड़ित ने घरौंडा थाने में पहुंच बचाई जान

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
करनाल/डॉ हरीश चावला

■ **गाड़ी रोक कर की लोगों से मारपीट**

नेशनल हाइवे पर फिल्मी स्टाइल में गाड़ी पर फायरिंग करने व फ्लाई ओवर पर गाड़ी में सवार लोगों से मारपीट करने व गाड़ी से तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। मामला करनाल के एक होटल में आरोपियों के साथ हुई मामूली कहासुनी और बदसलूकी को लेकर हुआ। बाद में मामले ने तूल पकड़ लिया। पीड़ित ने घरौंडा थाने में पहुंचकर किसी तरह से अपनी जान बचाई। हमले में घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।पानीपत के झट्टीपुर निवासी बिट्टू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि बीती 25 अगस्त की रात को वह अपने दोस्तों संदीप, शुगन चंद, बिजेंद्र, प्रविंद्र के साथ करनाल के एक होटल में बैठा था। जहां पर एक कंपनी की मीटिंग चल रही थी। उसी होटल में दूसरी तरफ आरोपी कृष्ण कुमार अपने चार साथियों के साथ बैठा हुआ था। बिट्टू का आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ बिना बात गाली गलौज करना शुरू कर दी और बदसलूकी पर



हमले में कार पर किए हमले का दृश्य

उतारु हो गए। मैं और मेरे साथी वहां से निकलकर नमस्ते चौक की ओर जाने लगे, तो आरोपियों ने हमारी गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। हमारी गाड़ी को करीब 5-6 बार टक्कर मारी। पीड़ित ने शिकायत में बताया है कि हमारी स्कॉर्पियो गाड़ी के पीछे आरोपियों ने अपनी थार व अन्य गाड़ियो को फिल्मी स्टाइल में लगाया हुआ था। करनाल से मधुबन तक भी पीछा करते रहे। गाड़ियां लगातार हाइवे पर दौड़ रही थी। बिट्टू ने आरोप लगाया है कि मधुबन टोल टैक्स के बीच में गाड़ी पर दो फायर भी हुए, लेकिन गनीमत रही कि गाड़ी को कोई फायर नहीं लगा। पीड़ित ने बताया कि हम उनसे बचने के लिए घरौंडा फ्लाईओवर पर पहुंच गए, लेकिन यहां पर आरोपियों ने हमारी गाड़ी को रोक लिया और आरोपियों ने घरौंडा पुल के ऊपर हमारी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और हम पर जानलेवा हमला किया। बिट्टू ने बताया कि वह किसी तरह से गाड़ी को मौके से भगाने में कामयाब हो गया और घरौंडा थाने में पहुंचा, जहां उन्होंने पुलिस को पूरी घटना बताई। जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से देखते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।हमले में बिट्टू को छाती, दोनों हाथों और बाई आंख पर चोटें आई है। उसने घरौंडा के सरकारी अस्पताल में अपना इलाज करवाया और मेडिकल करवाने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी। घरौंडा थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि बिट्टू ने अपने ऊपर हुए हमले की शिकायत दी है। जिसमें उसने मारपीट, गाड़ी के शीशे तोड़ने और फायरिंग के आरोप लगाए है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित करनाल के होटल में अपने दोस्तों के साथ था, जिसकी दूसरी पार्टी के साथ कहासुनी हुई और बाद में दोनों के बीच झगड़ा हुआ। मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी।

# रोडवेज कर्मचारियों ने अनुशासन समिति के पूर्व सदस्य जोगा सिंह को दी श्रद्धांजलि



रोडवेज कर्मचारियों की उपस्थिति

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की अनुशासन समिति के सदस्य रहे जोगा सिंह जोसन की श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश भर से कर्मचारी पहुंचे। गुरुद्वारा सिंह सभा में रखी गई अंतिम अरदास में चेयरमैन हरि नारायण शर्मा, प्रधान मायाराम उनियाल, प्रदेश महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा ने कहा कि जोगा सिंह ने हमेशा कर्मचारियों के हित की आवाज उठाई। सेवा निवृत्ति के बाद भी जोगा सिंह हमेशा कर्मचारी आंदोलन से जुड़े रहे। उनके निधन से यूनियन को भारी क्षति हुई है। जोगा सिंह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे,पिछले दिनों उनका निधन हो गया था। बस स्टैंड पर भी उनकी याद में प्रार्थना सभा रखी गई। अंतिम अरदास में प्रधान नरेंद्र पांचाल, सचिव रणजीत करोड़ा, प्रधान विनोद शर्मा, पास क्लर्क वैंकट रमन शर्मा, कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह, पूर्व प्रधान लालचंद गोदारा, पवन सांभली, सोहनलाल कैथल, सुनील प्रधान यमुनानगर, राजिंद्र कंबोज करनाल, करण प्रधान, प्रगट सिंह, गुरचैन सिंह, ईश्वर दास, जोगिंदर सतौड़ा, प्रीतम टबरा, सुनील निंबरैण संस्थान प्रबंधन कैथल व रमेश सैनी हिसार आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# दो सितंबर को जेजेपी की बैठक

## अधिकांश उम्मीदवारों के नाम हो जाएंगे फाइनल : दुष्यंत चौटाला

■ **बोले,त्रिकोणीय मुकाबले में अहम रोल निभाएगी जेजेपी**

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
चंडीगढ़/चंद्रशेखर धरणी



रैली को संबोधित करते हुए दुष्यंत चौटाला।

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जननायक जनता पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में है और युद्धस्तर पर चुनावी तैयारियां जारी हैं। उन्होंने कहा कि दो सितंबर को जेजेपी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक होगी और जिसमें अधिकांश सीटों पर उम्मीदवारों का चयन कर लिया जाएगा। वे बुधवार को सिरसा में पत्रकारों से रूबरू थे। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी और एएसपी का गठबंधन हरियाणा को प्रगति के पथ पर लेकर जाएगा और गरीब, किसान, कमेरे की लड़ाई को दोनों पार्टियां मिलकर मजबूती से लड़ेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी और एएसपी का गठबंधन होने से प्रदेशभर के युवाओं में जोश का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा और जिसमें सबसे महत्वपूर्ण रोल जेजेपी-एएसपी गठबंधन का ही होगा। दुष्यंत चौटाला ने जेजेपी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि चुनाव होने में अभी 32 दिन का समय बाकी है और सभी कार्यकर्ता घर तक जाकर प्रत्येक मतदाता से संपर्क करें और जेजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील करे। बुधवार को दुष्यंत चौटाला ने उचानाकलां विधानसभा क्षेत्र में भी गांव सुदकैन खुर्द, सुदकैन कलां, डूमरखां खुर्द, डूमरखां कलां और घसो खुर्द में जनसंपर्क किया।

# कार्यक्रम में महंत राजेंद्र पुरी का भव्य स्वागत

## महंत जी ने दिया गोरक्षा व सेवा पर जोर

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा



महंत राजेंद्र पुरी का स्वागत करते हुए गणमान्य लोग।

उपमंडल पिहोवा के कस्बा इस्माईलाबाद के हनुमान मंदिर के पास एक विशेष धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में महंत राजेंद्र पुरी उपस्थित रहे। इस आयोजन का नेतृत्व रवि प्रकाश गर्ग ने किया, जिनकी अगुवाई में महंत जी का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। महंत राजेंद्र पुरी ने इस अवसर पर सनातन धर्म और गऊ रक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और गऊ माता की सेवा करना हर हिंदू का परम कर्तव्य है। महंत जी के प्रवचनों ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया, और उन्होंने धर्म व संस्कृति के प्रति अपनी निष्ठा को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने महंत जी की सराहना करते हुए कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) इस हलके में महंत राजेंद्र पुरी जी को अपना प्रत्याशी बनाती है, तो उन्हें भारी जीत मिलेगी। जनता का मानना है कि महंत जी की लोकप्रियता और उनके धार्मिक कार्यों के कारण हलके की जनता पूर्ण रूप से बीजेपी के साथ खड़ी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक और सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई, और यह आयोजन इस्माईलाबाद में सनातन धर्म के प्रति लोगों की गहरी आस्था को प्रदर्शित करने में सफल रहा।

# जिला की सभी छः विधानसभा क्षेत्रों में एफएसटी व वीवीटी टीमें सक्रिय : जिला निर्वाचन अधिकारी

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

**सोनीपत/नफे सिंह:** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2024 की घोषणा के साथ ही जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की विभिन्न टीम लगातार सक्रिय है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव लोकतंत्र में अति महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन जिले के सभी छ्ः विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आयोग के नियमानुसार पूरे पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाने के लिए तैयार है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला में अगर कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो उसके उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिले के छ्ः विधानसभा क्षेत्र गन्नौर, राई, खरखौदा, सोनीपत, गोहाना तथा बरोदा में एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीमें) व वीवीटी (वीडियो विविंग टीम) का गठन कर दिया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 06-06 एफएसटी टीमें कार्य कर रही हैं। इसके अलावा एक-एक वीवीटी टीमें कार्य कर रही हैं। ये सभी टीमें सक्रियता के साथ चुनाव ड्यूटी में तैनात हैं और चुनाव प्रचार गतिविधियों पर टीमों की पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि जिला में होर्डिंग्स व प्रचार सामग्री तैयार करने वाले प्रिंटर्स व उनके कर्मचारी बिना अनुमति के किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नियमों का उल्लंघन करते हुए मिले तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रिंटर्स को निर्देश दिए गए हैं कि प्रचार सामग्री पर प्रकाशित करवाने वाले, संख्या तथा अपने बारे में भी जानकारी प्रकाशित करेंगे। जिला में बिना अनुमति के जहां भी प्रचार सामग्री मिली तो सम्बंधित के खिलाफ जन प्रतिनिधि अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता तथा संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से आह्वान किया कि आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करें।

# 27 साल के युवक ने दिया शादी का झांसा, नाबालिगा को बहला-फुसला कर ले गया साथ

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
करनाल/डॉ हरीश चावला

करनाल के एक कालोनी में नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। 16 वर्षीय लड़की को असंध निवासी एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद परिजनों ने अपनी बेटी की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।परेशान परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी, जिसके आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की है और आरोपी की तलाश जारी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 27 अगस्त की रात से गायब है। परिजनों का आरोप है कि इसके पीछे असंध के एक युवक का हाथ है। वो पहले भी उनकी बेटी के पीछे पड़ा हुआ था, उसे शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने पहले भी आरोपी को समझाने की कोशिश की थी, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और आखिरकार उनकी बेटी का अपहरण कर लिया। परिजनों ने अपने स्तर पर लड़की की तलाश की, लेकिन किसी भी तरह का सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने करनाल सदर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने बताया कि उन्हें शक है कि युवक उनकी बेटी के साथ कुछ गलत कर सकता है, इसलिए उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। मामले की जांच कर रहे करनाल सदर पुलिस चौकी के जांच अधिकारी राजा राम ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में युवक की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को पकड़ने की उम्मीद जताई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# बीजेपी सरकार में कलायत के साथ किया गया भेदभाव : अनुराग ढांडा

■ **बोले, किसानों का अपमान करने के लिए सार्वजनिक माफी मांगे बीजेपी**

कलायत/उत्तम हिन्दू न्यूज



'आप' नेता अनुराग ढांडा को सम्मानित करते ग्रामीण।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने गांव किठाना और शिमला में अरविंद केजरीवाल की पांचों गारंटियों को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अनुराग ढांडा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की पांचों गारंटियों से ही कलायत क्षेत्र का भला हो सकता है। उन्होंने कहा कि कलायत क्षेत्र में कहीं भी कोई विकास कार्य नहीं दिखता है। टूटी और खस्ताहाल सड़कें ये बताती है कि बीजेपी की पूर्व मंत्री ने कलायत के साथ बहुत भेदभाव किया है। अनुराग ढांडा ने कहा कि बीजेपी ने किसानों, जवानों और पहलवानों के साथ गद्दारी करने का काम किया है। इसका बदला जनता बखूबी लेगी और इसी इंतजार में प्रदेश की जनता बैठी है। बीजेपी को इसी बात का डर है इसलिए बीजेपी चुनावों को आगे टहलवाने के लिए चुनाव आयोग में अर्जी लगवा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार पूरे हरियाणा में बढ़ रहा है। हवा में बीजेपी और कांग्रेस के खोखले दावे हैं। जमीन पर आम आदमी पार्टी का माहौल है। उन्होंने कहा कि कंगना को किसान विरोधी बयान देने के लिए बीजेपी नेता ही स्पोर्ट करते हैं इसलिए बीजेपी नेताओं को किसानों से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी की शुरू से ही किसान विरोधी मानसिकता रही है। इस बार हरियाणा के किसान बीजेपी का सफाया करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इसलिए जनता की लड़ाई लड़ रहीं हैं ताकि देश के हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं मिल सके। देश में रहने वाले लोगों से देश होता है। जब देश के लोग तरक्की करेंगे तो देश अपने आप तरक्की करेगा। इसी सोच के साथ आम आदमी पार्टी देश को संवारने और बनाने में लगी हुई है।

# जिला स्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता में हिमगिरी स्कूल ने मारी बाजी

**समालखा।** हिमगिरि पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय नेटबॉल खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिला स्तरीय खेल इंचार्ज श्री हरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय नेटबॉल खेल प्रतियोगिता में अंडर 17 लड़कों में हिमगिरि पब्लिक स्कूल समालखा ने पहला स्थान, महाराजा अग्रसेन स्कूल ने दूसरा व के.आर.विद्या मंदिर भोडवाल माजरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । जबकि अंडर 19 लड़कों की कैटेगरी में महाराजा अग्रसेन स्कूल ने प्रथम, हिमगिरि पब्लिक स्कूल समालखा ने द्वितीय और आईपीएस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । अंडर 14 लड़कों की कैटेगरी में हिमगिरि स्कूल प्रथम, आईपीएस द्वितीय, के.आर. विद्या मंदिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में युवा भाजपा नेता मनमोहन सिंह भड़ाना मुख्य अतिथि रहे और विजेताओं



प्रतियोगिता के समापन पर हिमगिरी स्कूल में पहुंचे मन मोहन भड़ाना के साथ आयोजक।

को पुरस्कार प्रदान किए। मन मोहन भड़ाना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि रखनी चाहिए। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन राजवीर राठी, प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उप प्रधानाचार्य रितु लठवाल, सुखबीर, सुमित राठी, एक्टिविटी इंचार्ज पूनम शर्मा, सोनिया जांगड़ा, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

# मर्यादा पुरुषोत्तम हर युग के श्रेष्ठ अवतार : आचार्य मृदुल कृष्ण शास्त्री

## शिव शक्ति इंटर ग्लोबल एवं लायशा बासमती चावल की ओर से छठे दिवस की कथा संपन्न

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
तरावड़ी/वीरेंद्र जांगड़ा



कथा श्रवन करती हुई श्रद्धालु महिलायें।

अनाज मंडी तरावड़ी में चल रही श्री मद्भागवत कथा के छठे दिन परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने बताया कि श्री हरि विष्णु मनु और सतरूपा को दिए वचन के अनुसार श्री राम और कृष्ण के रूप मे धरती पर अवतरित हुए है। उन्होंने प्रभु श्री हरि राम की कथा सुनाई और उनको मर्यादा पुरुषोत्तम बताकर हर युग का श्रेष्ठ अवतार बताया है उन्होने भागवत कथा को भक्त से भगवान् के मिलन की कथा बताई है । छठे दिवस की कथा मे यजमान रमेश गुप्ता, संतोष गुप्ता एवं अमन गुप्ता, शिखा गुप्ता परिवार सहित व्यास पीठ पर श्री मदभागवत की पूजा अर्चना की उसके तत्पश्चात व्यास पीठ का पूजन किया। श्रीमद्भागवत् सप्ताह कथा मे आज की कथा का विस्तार से व्याख्यान देते हुए परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने बताया कि बाबा भोलेनाथ हमेशा राम को अपना प्रभु माने और हर अवतार मे उनके साल रूप का दर्शन किए। बाल कृष्ण का दर्शन करने को देखने के लिए बाबा भोले नाथ भी गोपी बनकर मथुरा आते है। इसके बाद श्री कृष्ण और राधा के रासलीला की कथा सुनाई। उन्होने कहा कि रासलीला प्रभु से आत्मा का मिलन है इसमे आत्मा और परमात्मा एक दूसरे में समा जाते हैं। आज की कथा मे लाला नाथी राम गुप्ता, नरेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, अमन गुप्ता, अनुज गुप्ता, राहुल गुप्ता, मोहित गुप्ता, सौरव गुप्ता, रोशन लाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, गौरव गुप्ता, संजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, सतपाल गुप्ता, अनीश गुप्ता, रूशिल गुप्ता, आशित गुप्ता, साधूराम सिंगला, ईश्वर चन्द गोयल, राजकुमार तायल, दविन्द्र सिंगला, नपा अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, अनाज मंडी अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता, विनित बंसल, संजय गुप्ता, विनीत बंसल, पंकज गोयल, बृजमोहन गर्ग, प्रेम सिंघल, रविन्द्र सिंगला, संजय सिगला, प्रमोद सिंगला, नीरज गुप्ता, प्रमोद बंसल, ईश्वर गोयल, राकेश हंस, योगेश मिड्डा, गुलशन गर्ग, गऊशाला के अध्यक्ष राकेश गर्ग, सोनू रहेजा, सुभाष गुप्ता, कमलेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, यश सलूजा, बोबी गुप्ता, रामपाल लाठर, रंजीत भारद्वाज, बृज भूषण गर्ग, अमित रहेजा, सतपाल गुप्ता, मधु गर्ग, सचिन गर्ग, राधेश्याम गर्ग, नितिन गर्ग के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।


ICICI Home Finance

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
**शाखा कार्यालय:** प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना**

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।
एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रेडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणदाता(ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं. | सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि | जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय | नीलामी तिथि से एक दिन पहले | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) | (झ) |
| 1. | इंदर प्रकाश (ऋणदाता) सुशीला गुप्ता (सह-ऋणदाता), रामेश्वर दास गुप्ता (सह-ऋणदाता), केशर देवी (सह-ऋणदाता), Loan Account No. NHSNP00001294339 & NHSNP00001294340 | शॉप नं. 42 नई सब्जी मंडी, सोनीपत-131001 | रु. 51,86,096.24/-, 22, अगस्त 2024 | रु. 63,21,552/- / रु. 6,32,155/- | 23 सितंबर 2024 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक | 01 अक्टूबर 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक | 30 सितंबर 2024 को सायं 05 बजे से पहले | भौतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड** की वेबसाइट (**URL Link- eauctions.samil.in**) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को **30 सितंबर, 2024** को शाम **05:00** बजे से पहले आगे के ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,** शाखा कार्यालय के पते पर में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 30 सितंबर, 2024 को सायं 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,** शाखा कार्यालय के पते पर **30 सितंबर 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **सोनीपत** में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: अगस्त 29,2024
स्थान: सोनीपत

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number U65922MH1999PLC120106



**फार्म नं. 3**
देखें (विनियमन-15(1)(ए)/16(3))
**कर्ज वसूली ट्रिब्यूनल चंडीगढ़ (डीआरटी 2)**
प्रथम मंजिल एससीओ 33-34-35 सैक्टर-17ए, चंडीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ मंजिल पर भी अतिरिक्त आवंटित स्थान)
**केस नं. ओए/228/2024**
**कर्ज वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन्ज**
**Exh. No. 23575**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**कृष्ण कुमार**
**सेवा में,**
(1) कृष्ण कुमार पुत्र जगमंदर, निवासी 218 बसुदी 25, जिला सोनीपत, हरियाणा-131001

**सम्मन्ज**

**जैसे कि, ओए/228/2024** माननीय प्रीजाइडिंग ऑफिसर/**05.08.2024** पर पंजीकरण सूचीबद्ध था।
**जैसे कि,** यह माननीय ट्रिब्यूनल से अधिनियम की धारा 19(4) (ओ ए) के अन्तर्गत उक्त प्रार्थना पत्र पर सम्मन्ज द्वारा जारी किया गया, **रु. 2559980.46/-** के कर वसूली के लिए आप द्वारा भरना होगा (दस्तावेजों वगैरहा के परिष्ठि की कापियों के साथ-साथ प्रार्थना पत्र)
आप अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के साथ तदनानुसार जैसा कि निम्न प्रतिभागी निर्देशित किए गए हैं:-
(i) सम्मन्ज की सर्विस के 30 दिनों के भीतर-भीतर कारण बताओ, कि क्यों आपको छुटकारा दिया जाना चाहिए।
(ii) असल प्रार्थना प्रपत्र के क्र. 3ए के अन्तर्गत आवेदक द्वारा सम्पत्तियों और सम्पत्ति विशेष अन्य सम्पत्तियों या सम्पत्तियों के विवरणों को डिसक्लोज कर दिया गया।
(iii) सम्पत्तियों की सलंग्ता के लिए प्रार्थना पत्र की पैंडिंग, हेयरिंग और डिस्पोजल, असल प्रार्थना पत्र के क्रमांक 3ए के अन्तर्गत बंद सम्पत्तियों और अन्य ऐसी सम्पत्तियों या सुरक्षित सम्पत्तियों की डिस्पोजिंग या डीलिंग से आप प्रतिरोधित हैं।
(iv) आप ट्रिब्यूनल की प्रारंभिक स्वीकृति के बिना असल प्रार्थना पत्र के क्रमांक 3ए के अन्तर्गत विशेष या बंद की गई सम्पत्तियों और अन्य सम्पत्तियों और/या जो सुरक्षाहित बनाई गई है से ऊपर की किसी सम्पत्ति या उसके बिजनेस के ऑडीनरी कोर्स में अतिरिक्त बिक्री या पट्टे के रास्ते द्वारा परिवर्तित नहीं करेंगे।
(v) ऐसी सम्पत्तियों पर सुरक्षाहित वित्तीय संस्थानों की होल्डिंग या बैंक से मैनेटेंड खाते में ऐसी बिक्री प्रोसीडज जमा और बिजनेस के ऑडीनरी कोर्स में सम्पत्तियों और अन्य सम्पत्तियों या सुरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री द्वारा बिक्री प्रोसीडज जारी करने के लिए आप खाते के ही उत्तरदायी होंगे।
आपको लिखित में सीधे फाइल में स्टेटमेंट के साथ उसकी एक कापी आवेदक को तिथि **25.10.2024 को प्रात: 10.30 बजे** या इससे पहले **रजिस्ट्रार** को देनी होगी, वरना आपकी अनुपस्थिति में निर्णय और सुनवाई प्रार्थना पत्र पर कर दी जाएगी।
**मेरे हस्ताक्षर एवं इस ट्रिब्यूनल की मोहर के साथ यह तिथि 06.08.2024 को जारी किया।**
**सम्मन्ज जारी करने वाले अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर।**